Regarding flood and land erosion caused by Ganga, Kosi and Mahananda rivers in Katihar Parliamentary Constituency-laid

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): बिहार राज्य अन्तर्गत हमारे संसदीय क्षेत्र कटिहार में हर साल महानन्दा नदी जब जुलाई-अगस्त माह के प्रारम्भ में उफान पर आती है । तो कटिहार जिले के चार प्रखण्डों में कदवा, बलरामपुर, बारसोई, प्राणपुर, आजमनगर और अमदाबाद क्षेत्र महानन्दा नदी के किनारे बसे गॉव हर साल भंयकर बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं । यही नहीं दूसरी ओर अगस्त एंव सितम्बर महीने में गंगा, कोसी, बंरडी और कारी कोसी नदी से कुर्सेला प्रखण्ड, समेली प्रखण्ड, बरारी प्रखण्ड, मनिहारी प्रखण्ड एंव अमदाबाद प्रखण्ड में बाढ़ से हजारों की संख्या में गॉव की आबादी प्रभावित होती है । मैं जल शक्ति मंत्री जी से मॉग करता हूँ कि मंत्रालय द्वारा एक कमेटी बनाकर कटिहार संसदीय क्षेत्र में भेजी जाय और गंगा, कोसी एंव महानन्दा नदी से हर साल आने वाली बाढ़-कटाव एंव विस्थापितों के पुनर्वास से संबंधित ठोस सुरक्षा योजनाए बनायी जाय, जिससे कटिहार जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थायी समाधान हो सके ।